




# महाकुंभ की थीम पर बनी झांकी, मिला प्रथम पुरस्कार, विकास प्राधिकरण ने किया नवाचार

## मोक्षदायिनी शिप्रा के तट पर रचा गया इतिहास, सिंहस्थ 2028 थीम पर भव्य गणतंत्र दिवस, मुख्यमंत्री यादव ने कार्तिक मेला मैदान पर फहराया तिरंगा







**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मोक्षदायिनी मां शिप्रा के तट पर तिरंगा फहराकर जो संदेश दिया है, वह देश और दुनिया को महाकुंभ के आयोजन के लिए प्रफुल्लित कर रहा है। जिस मोक्षदायनी मां शिप्रा में 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान करेंगे वहां देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन कर सिंहस्थ की झलक दिखाई दी। इसी आयोजन में विकास प्राधिकरण ने जो झांकी बनाई थी उसे प्रथम पुरस्कार मिला।

महाकाल की नगरी उज्जैन में इस वर्ष गणतंत्र दिवस का आयोजन केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सनातन परंपरा से जुड़ा ऐतिहासिक क्षण बन गया। मोक्षदायिनी मां शिप्रा के पावन तट पर, रामघाट के सामने दत्त अखाड़ा क्षेत्र स्थित कार्तिक मेला मैदान में, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नवाचार ने गणतंत्र दिवस को सिंहस्थ 2028 की थीम से जोड़कर एक नई पहचान दी। यूडीए की झांकी में सिंहस्थ की पेशवाई, साधु-संतों का आगमन, शिप्रा स्नान, ढोल-नगाड़ों की गूंज और विकास कार्यों की झलक को इस प्रकार दर्शाया गया, मानो स्वयं महाकुंभ का दृश्य साकार हो उठा हो। वही संस्कृति विभाग की झांकी पर लहराते केसरिया ध्वज, विशाल कुंभ कलश और रथ पर अंकित पंक्ति हमारे महाकाल, हमारा स्वाभिमान ने श्रद्धा और स्वाभिमान का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी योजना के माध्यम से शिप्रा स्नान के लिए शुद्ध जल व्यवस्था और कान्हा क्लोज डक्ट योजना द्वारा खान नदी के प्रदूषित जल को रोकने की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में अनुमानित 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए उज्जैन को सजाया-संवारा जा रहा है। विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिली प्रेरणा के चलते यूडीए ने सिंहस्थ 2028 की थीम पर झांकी तैयार की। महाकाल के आशीर्वाद और टीम के परिश्रम से प्रथम पुरस्कार मिलना पूरे शहर के लिए गौरव की बात है।

जब विकास प्राधिकरण की झांकी कार्तिक मेला मैदान में प्रवेश कर रही थी, तो तालियों की गड़गड़ाहट से शिप्रा घाट गूंज उठे। यह दृश्य केवल एक झांकी का नहीं, बल्कि उज्जैन की आस्था, संस्कृति और भविष्य की परिकल्पना का जीवंत चित्र बन गया,जहां गणतंत्र, संस्कृति और सनातन एक साथ प्रवाहित होते नजर आए।

### कार्तिक मेला प्रांगण में गणतंत्र

पहली बार दशहरा मैदान की बजाय शिप्रा तट पर आयोजित इस समारोह का उद्देश्य स्पष्ट था। सिंहस्थ 2028 और उज्जैन के प्राचीन गौरव को पुनः जीवंत करना। शास्त्रों और सनातन परंपराओं में वर्णित हजारों वर्षों पुरानी सिंहस्थ परंपरा को स्मरण करते हुए, इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि उज्जैन केवल ऐतिहासिक नगर नहीं, बल्कि जीवंत सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। इस अवसर पर भव्य झांकियों का कारवां पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियां, स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक झलकियां और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण रही सिंहस्थ 2028 थीम पर आधारित झांकियां, जिनमें उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) की झांकी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर बाजी मार ली।

### सीएम ने दिए तीनों पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झांकी का अवलोकन कर इसकी मुक्तकंठ से सराहना की और प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग की झांकी को द्वितीय तथा जेल विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए उज्जैन के समग्र विकास का खाका भी इस दौरान जनता के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि से उज्जैन का विकास किया जा रहा है, जिसमें सौंदर्यकरण, चौड़ीकरण, सिक्स लेन और फोर लेन सड़कें, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण, विक्रम उद्योगपुरी में हजारों करोड़ का निवेश, हेलीपैड और उज्जैन को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाने की दिशा में कार्य शामिल हैं।

## दंत-मुख परीक्षण, मरीजों को फल वितरित

**उज्जैन।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए), उज्जैन के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर धन्वंतरि आयुर्वेद अस्पताल, चिमनगंज मंडी परिसर में समस्त भर्ती मरीजों को फल वितरण एवं मुख परीक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के प्रति सेवा भावना को सशक्त करना है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश इंडेरिया रहे। डॉ. संजय जोशी, डॉ. सागर मारोठिया, डॉ. प्रिंस कुशवाह, डॉ. जतिन चावड़ा, डॉ. शुभम करोड़े एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ। जानकारी डॉ. शुभम् करोड़े ने दी।

**ध्वजारोहण**

**उज्जैन।** 77वें गणतंत्र दिवस पर बोहरा यूथ ग्रुप द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता मुस्तफा ए पीठावाला के संयोजन में ध्वजारोहण किया गया। अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता जीवन गुरु तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुस्तफा कोरासा वाला, जुल्फीकार मलोला वाला, शब्बीर सकरू वाला, अली हैदर मेवा वाला, हुसैन मलोला वाला, हातिम पीठावाला, अमीर अतर वाला, सैफी बड़वाह वाला, हुसैन अतर वाला आदि बोहरा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस रिमांड पर कारों के कांच फोड़ने वाली ठक-ठक गैंग

**उज्जैन। एक माह पहले 3 थाना क्षेत्र में खड़ी कारों के कांच फोड़कर बैग उड़ने वाली ठक-ठक गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गैंग के चार सदस्यों को रिमांड पर लेकर तीन को जेल भेजा गया है। गैंग से 4.20 लाख रुपये बरामद किए गए हैं शेष की बारामदगी के प्रयास जारी है।**

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को प्रॉपर्टी ब्रोकर आकाश लश्करी की कार ट्रेजर बाजार के पास खड़ी थी। जिसका बदमाशों ने कांच खोलकर बैग चोरी कर लिया था। बैग में 20 लख रुपए नगद रखे थे। वारदात के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए जिसमें आधा दर्जन से अधिक बदमाशी दिखाई दिए। पुलिस जांच में लगी थी तभी सामने आया कि कारो के कांच फोड़ने की वारदात महाकाल और माधव नगर थाना क्षेत्र में भी हुई है। फुटेज खंगालने पर सामने आया कि बदमाश हरसिद्धि पाल के समीप एक होटल में श्रद्धालु बनाकर ठहरे थे। होटल से जानकारी लेने के बाद बदमाश तमिलनाडु के होना सामने आए। जिनकी तलाश में एक टीम रावण की गई। कई दिन की तलाश के बाद गैंग में शामिल सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें आदिनाथ शेरवे (60), कारवनन (31), शशि कुमार शेरवे (45), कार्तिकेय शेरवे (35), नित्याआंथम (27), किरण कुमार (27) और हरीश कुमार (23) शामिल है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से तीन को जेल भेजा गया है चार को रिमांड पर लिया गया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर 4.20 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। बदमाशों को 3 फरवरी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। जहां से पूछताछ के लिए महाकाल और माधव नगर थाना पुलिस प्रोटेक्शन रिमांड पर लेगी। बदमाश देशभर में वारदातों को अंजाम देते हैं। उनका आपराधिक रिकार्ड भी पता किया जा रहा है। संभावना है कि रिमांड अवधि में बदमाशों से अन्य प्रदेशों और मध्य प्रदेश की वारदातों का भी सुराग मिल सकता है। गैंग ठक-ठक के नाम से जानी जाती है।



### शिवाजी नगर में दो पक्षो के बीच विवाद में पथराव

उज्जैन। गणतंत्र दिवस की संध्या पर शिवाजी नगर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया दोनों ओर से जमकर लाठी पथराव किया गया। सात लोग घायल हुए हैं। जिसमें महिलाएं भी शामिल है। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। नील गंगा थाना पुलिस ने बताया कि गणतंत्र दिवस की रात 9 बजे के लगभग हनुमान नाका शिवाजी नगर में रहने वाले बिजोरिया और बोरसी परिवार के बीच ऑटो के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान नवीन बिजोरिया और धर्मेंद्र बोरासी के बीच हाथापाई शुरू हो गई। कुछ देर में दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गए और पत्थर बाजी के साथ लाठियां चल पड़ी। पथराव होता देख शिवाजी नगर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को खदेड़कर अलग किया। इस दौरान 7 लोग घायल हो गए थे। एक पक्ष से धर्मेंद्र और लखन को चोट आई थी वहीं बिजोरिया परिवार की ओर से नवीन, उसकी मां सिद्धिबाई, पिता राकेश बिजोरिया, भाई गुलशन, बहन नंदिनी और जीजा गिरीश घायल हुए है। पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

## देशी-अंग्रेजी शराब के साथ हिरासत में युवक

**उज्जैन।** गणतंत्र दिवस पर अवैध शराब बेच रहे युवक की सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश मारी, युवक ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर हजारों रुपए की देशी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। विदित हो कि शहरी क्षेत्र को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में अब अवैध शराब का कारोबार काफी फल फूल रहा है। हालांकि पुलिस द्वारा कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है। बिरलाग्राम थाना पुलिस ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर कानून व्यवस्था और तिरंगा यात्रा में ड्यूटी के दौरान सूचना मिली थी कि जी ब्लॉक टपरी की गली में एक युवक द्वारा शराब बेची जा रही है। सूचना उपनिरीक्षक संजय माथुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दबिश मारी तो एक युवक ने भागने की कोशिश की, शंका होने पर पीछा कर उसे पकड़ा गया और पूछताछ की गई तो उसकी निशानदेही से देशी- अंग्रेजी शराब की बोतले बरामद हो गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अशोक पिता रामविलाश शर्मा, निवासी सी. ब्लॉक टापरी, बिरलाग्राम बताया। पुलिस के अनुसार उसके पास से करीब 17 हजार रुपए कीमत शराब बरामद की गई है। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# सीईओ जिला पंचायत ने की विभिन्न मामलों में जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

**उज्जैन। मंगलवार को सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट द्वारा प्रशासनिक संकुल भवन में जनसुनवाई की गई और प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।**

तराना निवासी कमल पिता रतनलाल ने आवेदन दिया कि गांव में उनके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति द्वारा उनके घर के पास सीवर लाइन का पानी छोड़ा जा रहा है। जिस वजह से उन्हे बहुत परेशानी हो रही है। इस वजह से आसपास के लोगों और रास्ते से निकलने वाले राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर सीईओ जनपद पंचायत तराना को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इंदौर निवासी अवधेश कुमार ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा उज्जैन की एक हाउसिंग सोसाइटी से एक भूखण्ड क्रय किया गया था। उनके द्वारा बार-बार आवेदन करने के बाद भी संस्था द्वारा भूखण्ड का विक्रय पत्र संपादित नही किया जा रहा है। उन्हें भूखण्ड क्रय किए काफी वर्ष बीत चुके है लेकिन भूखण्ड का विक्रय पत्र सम्पादन ना होने के कारण वे उस पर निर्माण नही कर पा रहे है और न ही किसी अन्य को विक्रय कर पा रहे है। इस पर डीसीडीआरसीएस को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उज्जैन निवासी शाहिदा ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व के भूखण्ड पर एक व्यक्ति द्वारा अवैधानिक रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा बल पूर्वक सम्पत्ति को उसके नाम पर करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस पर पुलिस अधीक्षक को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिदपुर के खेड़ा खजुरिया निवासी श्रीपाल सिंह पवार ने आवेदन दिया कि गांव में आंगनवाड़ी के पास स्थित शासकीय भूमि पर एक व्यक्ति के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है तथा वहां पर टीनशेड का निर्माण कर लिया गया है। मना करने पर अनावेदक द्वारा प्रार्थी को धमकी दी गई जा रही है। इस पर एसडीएम महिदपुर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बड़नगर के ग्राम बलेड़ी निवासी लच्छी बाई ने आवेदन दिया कि उनके घर के सामने एक व्यक्ति के द्वारा जबरन मुर्रम डालकर घर तक आने का रास्ता बंद कर दिया गया है, मना करने पर उनके पति के साथ मारपीट की गई है। इस पर सीईओ जनपद पंचायत खाचरौद को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा एवं दूसरे अधिकारियों द्वारा कई मामलों में जनसुनवाई की गई।



## नगर निगम अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया



**उज्जैन।** 26 जनवरी 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को पीपलीनाका जोन क्रमांक 01 मुख्यालय पर निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही इस दौरान जोन के अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए मिष्ठान वितरित करते हुए गणतंत्र दिवस की अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान पार्षद हेमंत गहलोत, दिलीप परमार, गजेंद्र हिरवे, उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, सहायक यंत्री डीएस परिहार उपस्थित रहे।

**नर्मदा की आरती** — जयंती पर अभिषेक कर जलाए 5 हजार दीप, सुंदरकांड व भजन गूंजे

# महाकाल मंदिर के कोटितीर्थ कुंड पर की मां नर्मदा की महाआरती

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** नर्मदा जयंती पर महाकाल मंदिर में उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कोटितीर्थ कुंड के किनारे मां नर्मदा की ढोल-ढमाकों से महाआरती की गई।

महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित विजयशंकर गुरु, पुजारी बाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 11 पंडितों ने शाम को मंत्रोच्चार कर अभिषेक-पूजन किया। इसके पश्चात कुंड में दूध की धारा अर्पित की गई। संध्या के समय मां नर्मदा की महाआरती हुई। इस दौरान कुंड के किनारे 5 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। गुब्बारों व फूलों की सजावट के बीच मां नर्मदा की झांकी सजाई गई। रात तक श्री वीर हनुमान भक्त मंडल के संचालक महंत पंडित जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में परंपरागत रूप से कोटितीर्थ कुंड के किनारे मां नर्मदा जी की आराधना के साथ सुंदरकांड व संगीतमय भजन प्रस्तुत किए गए। महाआरती में पुजारी दिनेश गुरु, पुजारी नयन गुरु, मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचन्द जूनवाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुजारी-पुरोहित एवं भक्त जन शामिल हुए।



### शोभायात्रा के साथ आज से भागवत कथा

उज्जैन। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर ठिकाना कुम्हारिया पिपलोन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव का शुभारंभ आज शोभायात्रा के साथ होगा। अशोकसिंह गेहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय संत गोपाल कृष्ण महाराज श्री वृंदावन धाम आश्रम शक्करखेड़ी, उज्जैन द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक कथा का रसपान भक्तों को कराया जाएगा। समस्त ग्रामवासी ठिकाना कुम्हारिया पिपलोन द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा 28 जनवरी से प्रारंभ होकर 3 फरवरी तक चलेगी। जिसमें आज कथा प्रारंभ शोभा यात्रा के साथ होगी। 31 जनवरी शनिवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 1 फरवरी रविवार को गोवर्धन उत्सव – छप्पन भोग, 2 फरवरी सोमवार को श्री कृष्ण रूकमणी विवाह तथा 3 फरवरी मंगलवार को कथा समापन पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा। सीता रसोई परिवार, उज्जैन ने समस्त भक्तों से कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

## एक नजर में



### नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**उज्जैन।** आगर रोड स्थित गायत्री नगर के समीप मुद्रा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी एवं चित्रवंश सेवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम के संयोजक निखिलेश खरे ने बताया कि ठंड के मौसम में बढ़ने वाली बीमारियों को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मोतियाबिंद, कम दिखाई देना, धूप में आंखों से परेशानी, आंखों में पानी आना, सिर दर्द, चक्कर, खुजली, जलन, एलर्जी तथा आंखों में मांस बढ़ने जैसी समस्याओं की जांच की गई। शिविर का आयोजन सुबह 12 बजे से दोपहर 5 बजे तक किया गया, जिसमें अवंतिका नेत्रालय हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा नि :शुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान चिकित्सकों ने उपस्थित नागरिकों को आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सेवा ही सनातन धर्म की मूल भावना है और इसी विचारधारा के साथ समाजसेवी संस्थाएं निरंतर जनकल्याण के कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति द्वारा सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा 26 जनवरी के उपलक्ष में समाजसेवियों का सम्मान किया गया। जिसमें पूर्व सैनिक शेषनारायण श्रीवास्तव, पुलिस रवि शर्मा, लोकेंद्र सिंह, अजय भातखंडे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव शामिल है। इस मौके पर चंद्रशेखर श्रीवास्तव, घनश्याम सक्सेना, साहिल माथुर, विजय श्रीवास्तव, जितेन श्रीवास्तव, आकांक्षा श्रीवास्तव, आलोक माथुर आदि लोग उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**उज्जैन।** सब्जी मार्केट स्थित जमा इस्लामिया स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान वंदे मातरम् के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा और उपस्थितजनों ने देशभक्ति के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष सरफराज कुरैशी, फैज मोहम्मद, नईम भाई, जाहिद हुसैन, समीर उल हक, वसीम अब्बासी एवं सरफराज खान उपस्थित रहे। वसीम मोहम्मद ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं और देश के लिए शहीद हुए वीरों को नमन किया। मुख्य अतिथि फैज मोहम्मद ने बच्चों को संबोधित भी किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट ने बनाया पिरामिड

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने शौर्य और बहादुरी का प्रदर्शन किया। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह एवं डॉ. जीआर गांगले विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग ने तिरंगा फहराया। एनसीसी कैडेट्स ने मेजर डॉ. मोहन निमोले के मार्गदर्शन में देशभक्ति पर आधारित अपनी विविध प्रस्तुति दी। सीनियर अण्डर आफिसर रानू शर्मा, परेड कमांडर यश परमार के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आज का दिन भारत माता के सपूतों को याद करने का है। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. जीआर गांगले थे। डॉ. गांगले ने इस अवसर पर कहा कि मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। हम सब अपने कर्तव्य का पालन करें। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बीएस अखंड, मेजर डॉ. मोहन निमोले, स्पोर्ट्स आफिसर नवीन कोरट, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस पर के आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट्स सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पुलिस पेंशनर संघ ने ध्वज वंदन किया

**उज्जैन।** गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्वपर पुलिस पेंशनर संघ के द्वारा आनंद नगर स्थित मनकामेश्वर बगीचे में काफी हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवम प्रांतीय मीडीया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त कमल डांड बैंड मास्टर के नेतृत्व में पुलिस बैंड के द्वारा राष्ट्रीय धुन पर मुख्य अतिथि सुभाष दुबे के ध्दारा ध्वज वंदन किया गया। सभी सदस्यों ने खड़े होकर एक साथ में राष्ट्रगान किया। इस दौरान बड़ी संख्या पुलिस पेंशनर संघके सदस्य बडी सख्या लोग उपस्थित थे। ध्वज वंदन के बाद कई सदस्यों ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत दी। मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र दुबे, डीएस सोनेर, राकेश मोहन शुक्ला, सीके सोलंकी, आरके श्रीवास्तव, अरुण उपध्याय, शेरसिंह डोडीया एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य अधिकारी तथा आनंद नगर के पार्षद बौरासी सुरेश सेठ आदि बड़ी सख्या मे महिला एवं बच्चे उपस्थित थे।

### परस्पर बैंक में ध्वजवंदन किया

**उज्जैन।** देवासगेट पर स्थित परस्पर सहकारी बैंक में 26 जनवरी को बैंक के अध्यक्ष अनिलसिंह चंदेल ने ध्वजवंदन करने के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि देश ने हमें बहुत दिया है। लेकिन देश के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है प्रत्येक भारतीय नागरिक को हमेशा याद रखना चाहिए। इस अवसर पर बैंक उपाध्यक्ष हरदयालसिंह एडवोकेट, संचालक पुरुषोत्तम मिस्त्री, मोतीलाल निर्मल, राजेश गुप्ता, श्रीराम सांखला, आशीष उपाध्याय, बैंक प्रतिनिधि घनश्याम सक्सैना, मुख्य महाप्रबंधक-पंकज कवठेकर, प्रबंधक शिरोमणि नवल, प्रबंधक-राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

## जीडीसी में चार्ट प्रदर्शनी का आयोजन

**उज्जैन।** चार्ट निर्माण के माध्यम से विषय के ज्ञान में वृद्धि होती है साथ ही अभिव्यक्ति क्षमता भी बढ़ती है। छात्राओं द्वारा निर्मित चार्ट्स में काफी विविधता है। उक्त उद्गार शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दशहरा मैदान के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित चार्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किये। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. निखिल जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि चार्ट्स निर्माण कर छात्राओं ने अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया है। यह प्रदर्शनी छात्राओं द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों की ही एक कड़ी है।छात्राओं ने चार्ट्स का निर्माण वाणिज्य विभाग के फैकल्टी मेंबर्स डॉ. अर्चना सिंह चौहान, सारिका भावसार, डॉ. अर्पिता त्रिवेदी एवं अनिल सिंह पटेल के मार्गदर्शन में किया। प्रदर्शनी से छात्राएं लाभान्वित हुईं।